



## एक नजर में

### खरगोन में श्री श्याम भक्तों पर होगी भजनों की अमृत वर्षा 27 को



**खरगोन, निप्र।** फाल्गुन माह की रंगभरी एकादशी 27 फरवरी को शहर के टीआईटी कॉम्पलेक्स क्षेत्र में हारे के सहारे बाबा श्री श्याम का दिव्य दरबार सजेगा। यहां प्रसिद्ध भजन गायक सुमधुर भजनों से श्री श्याम को रिझाने के साथ ही श्री श्याम भक्तों को भक्ति रस से सराबोर करेंगे। विशेष भजन संध्या और दिव्य दरबार आयोजन को लेकर श्याम प्रेमी मित्र मंडल ने व्यापक स्तर पर तैयारियां की है। मंडल के देवीसिंह धानसे, पुरुषोत्तम सोनी, हरीश कुमरावत, आवेश परसाई, हीरालाल अबोले ने बताया कि बाबा की आराधना स्वरुप किए जा रहे इस आयोजन को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की है। यहां शाम 7 बजे बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार, मनमोहक झांकी, और सुमधुर भजनों के साथ भक्तों से आराधना की जाएगी। कार्यक्रम में भजन गायिका गौरी अग्रवाल इंदौर, गायक हरिराम पटेल श्याम भजनों की अमृत वर्षा करेंगे।

### वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है

**खरगोन, निप्र।** किसानों के सशक्तिकरण के माध्यम से प्रदेश के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना की गई है। इसी अनुक्रम में वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कृषक कल्याण वर्ष में प्रदेश के किसानों को श्अन्नदाताश् के साथ-साथ श्ऊर्जादाताश् और श्उद्यमीश् बनाने की दिशा में राज्य के वार्षिक बजट 2026 -27 में महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के लिए 28 हजार 158 करोड़ रूपए, आदान व्यवस्था सुदृढ़ीकरण के लिए 64 हजार 995 करोड़ रूपए, उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए 8 हजार 91 करोड़ रूपए, सुरक्षा चक्र के लिए 13 हजार 769 करोड़ रूपए सहित कृषि कल्याण के लिए कुल 1 लाख 15 हजार 13 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित है, जो किसान कल्याण वर्ष के लिए राज्य शासन की प्रतिबद्धता दर्शाता है। वार्षिक बजट 2026 -27 में कृषि उत्पादकता में वृद्धि के लिए नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण सहित अन्य माध्यमों से सिंचाई व्यवस्था, भू-संरक्षण और जल संरक्षण कार्यों के लिए 25 हजार 408 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सिंचाई के लिए निर्बाध विद्युत उपलब्धता के लिए 1 हजार 91 करोड़ रुपए से कृषि फीडर की स्थापना का प्रस्ताव दिया गया है। प्रदेश के किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से बजट में प्रधानमंत्री सूर्य कृषक मित्र योजना अंतर्गत सौर ऊर्जा पंप के लिए 1 हजार 87 करोड़ रुपए, लघु सिंचाई पंप और स्प्रिंकलर के लिए 562 करोड़ रुपए तथा कस्टम हायरिंग केंद्रों के लिए 50 करोड़ रुपए का प्रावधान है। बजट में सिंचाई सुविधा की दृष्टि से अटल कृषि ज्योति योजना के अंतर्गत 13 हजार 914 करोड़ रुपए के प्रावधान सहित अनुसूचित जाति तथा जनजातीय वर्ग के एक हेक्टेयर तक भूमि वाले कृषकों के लिए 5 होर्सपावर विद्युत पंप उपयोग के लिए निशुल्क विद्युत के लिए 5 हजार 276 करोड़ रुपए का प्रावधान भी किया गया है। आदान व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए बजट 2026 -27 में शून्य ब्याज दर पर फसल ऋण की उपलब्धता के लिए 1 हजार 296 करोड़ रुपए तथा सहकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को ऋण उपलब्ध कराने के लिए 26 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में कुल 69,04,553 किसान क्रेडिट कार्ड, 1,13,565 मछुआ क्रेडिट कार्ड और 3,96,537 पशुपालन क्रेडिट कार्ड जारी किए जा चुके हैं। बजट में गेहूं और धान जैसी प्रमुख फसलों के उपार्जन के लिए 1000 करोड़, भावांतर योजना अंतर्गत सोयाबीन उपार्जन के लिए 600 करोड़ रुपए, रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना के लिए 40 करोड़ रुपए तथा बोनस के लिए 150 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे कृषकों की उपज का व्यापक स्तर पर उपार्जन किया जाएगा और कृषकों को उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त हो सकेगा। बजट में प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना प्रत्येक के लिए 5501 करोड़ रुपए सहित 1299 करोड़ रुपए की फसल बीमा राशि और वन्य जीवों द्वारा फसल क्षति की स्थिति में 3 .45 करोड़ रुपए राहत राशि का प्रावधान कृषकों को सुरक्षा देने के उद्देश्य से किए गया है। आपदा के कारण हुई फसल क्षति की स्थिति में 1465 करोड़ रुपए की राहत राशि का प्रावधान भी किया गया है। राज्य शासन द्वारा अन्नदाता की आय में वृद्धि कर उनके सशक्तिकरण के माध्यम से समृद्ध किसान-सशक्त प्रदेश का सपना साकार करने की दिशा में बजट 2026 -27 एक महत्वपूर्ण अभिलेख है।

### नवनीतलाल भंडारी श्री बीसा नीमा महाजन समाज के ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष निर्वाचित

**खरगोन, निप्र।** शहर की प्रतिष्ठित समाज श्री बीसा नीमा महाजन समाज के ट्रस्ट मंडल का विधिवत गठन करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी एवं ट्रस्टी नवनीतलाल भंडारी को समाज अध्यक्ष चुना गया है। अध्यक्ष चुने जाने एवं ट्रस्ट मंडल गठन पर राधाकुंज मांगलिक परिसर में सम्मान समारोह आयोजित कर ट्रस्टियों को बधाई दी गई। समाजजनों ने बताया श्री वैष्णव विद्या मंदिर में ट्रस्ट मण्डल का गठन, निर्वाचन समिति के समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। ज्ञातव्य हैं कि, लगभग एक माह पूर्व समाज के लोगों ने मतदान प्रक्रिया से 26 ट्रस्टी चुने थे। चुने हुए ट्रस्टियों ने ट्रस्ट-मंडल के सात पदों के लिए नामांकन- पत्र आमंत्रित किए गए, नामांकन पत्रों की जांच के बाद उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित की गई। सचिव पद निर्विरोध चुना गया। उपाध्यक्ष महिला, सहसचिव एवं सह कोषाध्यक्ष पदों पर भी एक-एक उम्मीदवार शेष रहने से निर्विरोध की स्थिति रही। पुरुष वर्ग में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पदों पर एक से अधिक उम्मीद्वार होने से मतदान करवाया गया। मतदान बाद निर्वाचन समिति के अध्यक्ष बाबूलाल महाजन ने परिणामों की घोषणा की। इसमें नवनीतलाल बाबूलाल भंडारी अध्यक्ष, दाऊलाल कृष्णलाल बजाज उपाध्यक्ष, मिकिता महाजन उपाध्यक्ष, सचिन महाजन सचिव, कविश महाजन सह.सचिव, आशीष महाजन कोषाध्यक्ष और आनंद कैलाशचंद्र बजाज सह-कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचित ट्रस्ट मंडल एवं पदाधिकारियों का सम्मान नटवरलाल जयकिशन परिवार ने श्री राधाकुंज मांगलिक परिसर में किया। राजेंद्र गुप्ता ने मंगलाचरण किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश महाजन ने किया। नटवरलाल जयकिशन, रतनलाल जयकिशन एवं कृष्णलाल जयकिशन परिवार के प्रति इस आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### घोड़े से टकराकर कैप्सुल वाहन में जा घुसी बाईक, एक की दर्दनाक मौत

**खरगोन, निप्र।** शहर के कसरावद रोड़ पर मनीष मार्केट के सामने एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। कैप्सुल वाहन की चपेट में आने से युवक के सिर के परखच्चे उड़ गए, जिसे देख वहां मौजूद लोग सिहर उठे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क से क्रास हो रहे घोड़े से टकराकर बाईक कैप्सुल वाहन में जा घुसी। हादसे के बाद करीब आधे घंटे तक घटनास्थल पर जाम की स्थिति बनी रही। उल्लेखनीय है कि नवग्रह मेले का अंतिम दिन और रविवार होने से क्षेत्र में भारी आवाजाही बनी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवाजाही सुचारु कराई। मिली जानकारी अनुसार बाईक क्रमांक एमपी 10 झेडडी 2278 कसरावद की ओर से आ रही थी, इसी दौरान मनीष मार्केट के सामने अचानक सड़क पर घोड़ा आ गया, जिससे टकराने के बाद बाईक अपनी गति से जा रहे कैप्सुल वाहन क्रमांक आरजे 09 जीडी 6479 में जा घुसी। हादसा इतना भयावह था कि कैप्सुल वाहन का पहिया युवक के सिर से गुजर गया, जिससे मौके पर सिर क्षत-विक्षत हो गया। पुलिस के अनुसार फिलहाल मृतक की शिनाख्त नही हुई है। हादसे में एक अन्य युवक भी घायल हुआ है। पुलिस ने कैप्सुल वाहन को अभिरक्षा में लिया है।




# हिट एंड रन के प्रकरणों का हो जल्द निराकरण : कलेक्टर मित्तल

## बैठक में कलेक्टर ने वन ग्रामों से राजस्व ग्रामों में परिवर्तन किए गए प्रकरणों की समीक्षा की

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में 23 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सुश्री मित्तल ने हिट एंड रन एवं राहवीर योजना के प्रकरणों की समीक्षा की और सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को लंबित प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान वन अधिकार के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई और सहायक आयुक्त जनजातीय को जिला स्तर पर प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर सुश्री मित्तल ने वन ग्रामों से राजस्व ग्रामों में परिवर्तन किये गए प्रकरणों की समीक्षा की। इस दौरान एसडीएम एवं जनपद सीईओ को बड़वाह, भगवानपुरा एवं झिरन्या अंतर्गत वन ग्राम की बाहरी सीमा का निर्धारण कर नक्शा तैयार करने की कार्यवाही पूर्ण करने कहा। इसके लिए वन विभाग से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही करें। कलेक्टर ने बड़वाह-खरगोन डीएफओ को निचले स्तर के अमले को साप्ताहिक लक्ष्य देने और ग्राम स्तर पर लंबित आवेदनों को निराकरण करने के निर्देश दिए। एसडीएम को निर्देश दिए कि वनग्रामों में वनाधिकार के लंबित दावों के निराकरण के लिए सचिवों की बैठक ली जाए और सचिव स्तर के लंबित दावों पर कार्यवाही करें।




10 मार्च तक ग्राम स्तर पर लंबित दावे उपखण्ड स्तर पर प्रेषित करने की कार्यवाही करें। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की और अधिकारियों को लंबित शिकायतों को संतुष्टि के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। तहसीलदारों को सीएम हेल्पलाइन में 85 प्रतिशत प्रगति लाने और 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों को संतुष्टि के साथ बंद करने के निर्देश दिए। वही झिरन्या एवं बड़वाह जनपद को भी 50 दिवस से लंबित शिकायतों में प्रगति लाने कहा। बैठक में कलेक्टर ने उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और सभी विभागों को जवाबदावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। संकल्प से समाधान अभियान के तहत कलस्टर स्तर पर शिविर आयोजित करने और पेंडिंग आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण के निर्देश दिए। संपूर्णता अभियान के तहत भगवानपुरा व झिरन्या जनपद सीईओ को विद्यालयों में शौचालयों की मरम्मत एवं नवीन शौचालय निर्माण के लिए राशि जारी करने के निर्देश दिए। किसानों की फार्मर आईडी बनाने के लिए खरगोन नगरीय व बड़वाह ग्रामीण को प्रगति लाने के निर्देश दिए। ई-विकास पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण किया जाए। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने खाद्य विभाग को निर्देश दिए कि रबी उपार्जन वर्ष 2026 में किसानों का गेहूं पंजीयन उपरांत सत्यापन कार्य भी सुनिश्चित करें और एसडीएम इसकी नियमित समीक्षा करेंगे। तहसीलदारों को गेहूं पंजीयन के लिए आगामी 10 दिनों के भीतर सत्यापन कार्य पूर्ण करने के निर्देश। तहसीलदार आगामी 05 दिनों में रबी फसलों की गिरदावरी कार्य पूर्ण और इसमें उद्यानिकी फसलों की भी शामिल किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, सहायक कलेक्टर श्री जामदार फरहान इरफान, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रताप कुमार अगास्या, श्री अनिल जैन, समस्त एसडीएम सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। जबकि अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े थे।

# ग्राम टेमला से अयोध्या धाम के लिए निकलेगा श्री कृष्ण चैतन्य संकीर्तन मंडल का जत्था 26 को

**खरगोन, निप्र।** पूर्व कृषि राज्यमंत्री एवं विधायक बालकृष्ण पाटीदार का गृहग्राम टेमला न केवल राजनीति बल्कि धार्मिक आयोजनों को लेकर भी सुर्खियों बटोर रहा है। यहां पिछले 50 वर्षों से अनवरत चल रहे श्रीकृष्ण चैतन्य संकीर्तन मंडल स्वर्ण जयंती महोत्सव के निमित्त मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्याधाम दर्शन करने जा रहा है। इस धार्मिक यात्रा को लेकर गांव की धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई। इसमें युवा समाजसेवी एवं उद्यमी नीतिन पाटीदार ने यात्रा मार्ग सहित दर्शन व्यवस्था को लेकर जानकारी दी। श्री पाटीदार ने बैठक में कहा कि मंडल की 5 दिवसीय इस धार्मिक यात्रा में गांव के प्रत्येक घर के हर सदस्य को श्रीरामलला दर्शन का सौभाग्य मिलेगा। संभवत: यह पहला अवसर होगा जब किसी एक गांव से सैंकड़ों की संख्या में



श्रद्धालूओं का जत्था एक साथ धार्मिक यात्रा पर निकलेगा। यह यात्रा धर्म के साथ सामाजिक समरसता का संगम भी होगी। उल्लेखनीय है कि श्रीकृष्ण चैतन्य संकीर्तन मंडल ने मासिक संकीर्तन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती महोत्सव के रुप में वर्ष 2025 में भव्य.दिव्य श्रीमद् भागवत कथा एवं रासलीला का आयोजन किया थाए जिसमें अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित श्याम सुंदर पाराशर ने अपने मुखारविंद से श्रोताओं को कथा का रसपान कराया थाए इस महते आयोजन के रोजाना करीब 50 हजार श्रोता साक्षी बने थे। मंडल सदस्यों ने बताया कि कई वर्षों के इंतजार और तपस्या के बाद भव्य मंदिर में विराजित हुए रामलला के दर्शन को लेकर समूचा गांव आतुर हैंए जैसे.जैसे अयोध्या जाने की तारीख नजदीक आ रही हैए उत्साह चरम पर पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में करोड़ों रामभक्तों की आस्था की प्रतीक्षा खत्म हुई हैए कलियुग में मिली यह त्रेतायुग जैसी खुशी प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़ संकल्प शक्ति से संभव हुई है। रामलला का मंदिर भारत की आत्मा का पुनर्जागरण है। हम सौभाग्यशाली है कि समूचे गांव को इस रामलला के दिव्य स्वरुप के साथ भव्य मंदिर के दर्शन का अवसर मिल रहा है। गांव से करीब 500 ग्रामीण जिसमें रामकथा अयोजन समिति के सदस्य भी शामिल है, 26 फरवरी को सुबह 5 बजे गांव के श्रीराम मंदिर में दर्शन के बाद रवाना होगा। यात्रा रवानगी से पहले गांव में भजन. कीर्तन करते हुए प्रभातफेरी के रुप में श्रद्धालू यात्रा वाहनों तक पहुंचेंगे। इस यात्रा के लिए एक दर्जन स्लीपर कोच बसों के साथ ही चार ट्रेवलर और चार पहिया वाहनों की व्यवस्था की गई है। इस ऐतिहासिक यात्रा के दौरान 27 एवं 28 फरवरी 2 दिन अयोध्या धाम में सरयू नदी स्नान, जानकी महल, जनक महल, दशरथ महल, श्री हनुमान गढ़ी एवं प्रभु श्री राम जी के भव्य, दिव्य दर्शन कर आस्था की डुबकी लगाकर रामभक्ति से सराबोर होगा।

# 'शतक वीर' मैस्कॉट के पोस्टर का कलेक्टर ने किया विमोचन

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल द्वारा 23 फरवरी को जिला मुख्यालय पर 'संपूर्णता अभियान 2.0' के मैस्कॉट 'शतक वीर' के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेखा राठौर, सीईओ जनपद भगवानपुरा श्रीमती कंचन डोंगरे एवं तकनीकी सहायक श्री नीरज अमझरे उपस्थित रहे। कलेक्टर सुश्री मित्तल एवं उपस्थित अधिकारियों द्वारा 'शतक वीर' मैस्कॉट के पोस्टर का अनावरण कर अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कलेक्टर सुश्री मित्तल ने निर्देश दिए कि मैस्कॉट के माध्यम से 'संपूर्णता अभियान 2.0' के उद्देश्यों एवं संदेश को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए तथा सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। अपर कलेक्टर श्रीमती राठौर ने कहा कि 'शतक वीर' अभियान का प्रेरक प्रतीक बनेगा और शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु जनसहभागिता को बढ़ावा देगा। खरगोन एवं भीकनगांव एसडीएम को अपने-



अपने क्षेत्रों में पोस्टर के व्यापक प्रदर्शन एवं प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समय सीमा बैठक में अभियान की प्रगति की समीक्षा भी की गई तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए गए।

# छात्र मोहित वर्मा ने पाया जिले में प्रथम स्थान


**गोगावा, निप्र।** शासकीय स्कुलो की कई प्रतिभाएं अपने कोशल ज्ञान से स्कुलो का मान सम्मान बड़ा रहे है कोन कहता है की शासकीय स्कुलो में बच्चो को पढ़ाया नही जाता है शिक्षा किसी की मोहताज नही होती है अगर स्कुलो में पड़ाने वाले शिक्षक व बच्चे ठान ले तो शिक्षा की उचाईयां छुने से दूर नहीं रहेंगे इसी को लेकर राज्य सरकार छात्रों में उनकी पढ़ाई का ज्ञान एवम उनकी प्रतिभा को परखने के लिए हर वर्ष ओलंपियाड जैसी परीक्षा का आयोजन कराती है। बताया जा रहा है कि यह परीक्षा कक्षा 2री से 8वी तक ब्लाक स्तर पर आयोजित की जाती है इस परीक्षा में ब्लाक स्तर से चयनित छात्रों के ज्ञान को परखने के लिए जिले स्तर पर परीक्षा का आयोजन किया जाता है इस परीक्षा में सफल चयनित छात्रों का जिले स्तर पर ही शील्ड प्रमाण पत्र से सम्मान भी किया जाता है




उसी कड़ी में इस वर्ष 2025-26 की ओलंपियाड चयनित परीक्षा में ब्लाक के संकुल केंद्र गोगावा के अंतर्गत आने वाले शासकीय माध्यमिक विद्यालय बेड़ीफाल्या (बेजापुर)के छात्र मोहित पिता अजय वर्मा कक्षा 7 वी ने जिले स्तर की ओलंपियाड चयनित परीक्षा में सम्मिलित होकर तीन विषयो गणित, विज्ञान, एवम सामाजिक विज्ञान विषयो में सर्वाधिक अंक लाकर जिले में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है छात्र की इस उपलब्धि पर ब्लाक शिक्षा अधिकारी राहुल पाध्ये विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अधिकारी विवेक शर्मा, खंड शिक्षा बीएसी नरेंद्र वर्मा, गणेश यादव, काशीराम डुडवे, विवेक पांडे, जनशिक्षक चंद्रभान सिंह चौहान, प्रदीप बड़ोले, संस्था प्रधानपाठक श्रीमती माया नायर, शिक्षिका संगीता सिसोदिया, तरुण कर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र मोहित वर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी ने उसे बधाई दी।

# स्नेह सम्मेलन के मंच पर छात्रों की प्रस्तुतियों में बिखेरे आदिवासी संस्कृति के रंग

**खरगोन, निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में सोमवार को स्नेह सम्मेलन सांस्कृतिक रंगों से सराबोर नजर आया। छात्र-छात्राओं ने मोहे रंग दो लाल, नैनो वाले ने, रणछोड़ रंगीला, छैया- छैया, मनवा लागे, संवार लूं, मोह- मोह के धागे, एक राधा- एक मीरा जैसे फिल्मी गीतों, भजनों के साथ ही देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुतियों देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं पेरोडी गीतों में पंजाब का भांगड़ा, राजस्थान का घुमर, महाराष्ट्र का लेंझिम नृत्य सहित बंजारा एवं आदिवासी गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से मंच पर देश की लोक संस्कृति की अनोखी छंटा बिखेरी। विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने न केवल कला कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि अपनी माटी से जुड़े रहने का संदेश भी दिया। मुख्य




अतिथि सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने विद्यार्थियों को मोबाइल और एआई के सकारात्मक उपयोग की सीख दी। उन्होंने कहा कि तकनीक का सही उपयोग देश को आगे बढ़ा सकता है। उन्होंने कहा कि असफलता भी सीखने की एक प्रक्रिया है और सही संवाद हर समस्या का समाधान हो सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. जीएसण् चौहान के स्वागत भाषण से हुई। डॉ. हितेश मुजाल्दा, नगर पालिका उपाध्यक्ष भोलू कर्मा ने भी संबोधित किया। मंगलवार को पुरस्कार वितरण के साथ स्नेह सम्मेलन का समापन होगा। इसमें सम्मेलन प्रभारी डॉ.वंदना बर्वे ने बताया सांस्कृतिक कार्यक्रम में 39 प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें विद्यार्थियों की प्रतिभा और रचनात्मकता झलकी। संचालन डॉ. रंजिता पाटीदार, प्रो. ऐश्वर्या दिलावरे, प्रो. गगन पाटीदार, डॉ. संजय कोचक और प्रो शिवानी कर्मा ने किया।

**एक नजर में** — महापुरुषों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन

# बहुजन समाज पार्टी के जागृति अभियान में महापुरुषों का जीवन दर्शन प्रस्तुत

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** बेड़ियां के जुलवानिया ग्राम के बिरसा मुंडा मोहल्ले में भारतरत्न डॉ अम्बेडकर व पू.टंटया मामा.तथा बिरसा मुंडा के जीवन पर केडर विस्तृत संगोष्ठी आयोजित की गई। जहां केडर का संचालन बीएसपी वरिष्ठ प्रमुख मांगीलाल गाड़गे द्वारा किया गया। जहां सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष मा.रमेश अंजाना. व जि.प्रभारी मा.नरेन्द्र कंचोले ने महापुरुषों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं संबोधन मे विशेष अतिथि वि.सभा प्रभारी भावी विधायक प्रत्याशी बड़वाह-महेश्वर एवं रिटायर्ड शिक्षक व विशिष्ट समाज सेवी -पुष्पेन्द्र रावल ने संविधान उद्देश्यीका पढ़कर संविधान को आत्मसात का संकल्प दिलाया तथा कहा कि हम आदिवासी ही इस देश के मूलनिवासी है। पांच हजार सालो से हमारे पीड़ित.दबे कुचले शोषित वंचित वर्ग को मानसिक रूप से मनोरोगी बना रखा है। हमे आज भी उसी तरह से पारम्परिक संस्कारों से बौद्धिक गुलामी की जंजीरों मे जकडा हुआ है तात्कालिक समय मे हमारे वर्ग को स्कूलो मे पढ़ने का अधिकार नही था। महिलाओं को भी पढ़ने व शा.नौकरी का अधिकार नही था। हमे सार्वजनिक स्थानों से दैनिक मूलभूत महत्वपूर्ण वस्तुओं के उपयोग का अधिकार नही था। हमारे पूर्वजों को दरिद्रता मे व भयभीत कर रखा गया। उस समय जातिगत भेदभाव जुल्म अत्याचार चरम सीमा पर थे। इस



भयानक अमानवीय समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए हमारे महापुरुषों ने संकल्प लेकर बेहद कठिन संघर्षों से हमे शिक्षा और संगठन के द्वारा निजात दिलाई है। माता रमाई की प्रेरणा से मसीहा अम्बेडकर ने संविधान के द्वारा सामाजिक समरसता से मानवीय जातिगत भेद भाव प्रताड़ना को दूर किया है। सम्बोधन बेला मे-सरपंच मुख्य अतिथि जि.अध्यक्ष मा.रमेश अंजाना ने कहा संविधान के माध्यम से समानता का संदेश देकर हमारा सम्पूर्ण आर्थिक व सामाजिक व नैतिक उत्थान किया है। हमारे महापुरुष नही होते तो हमारी आज भी भयानक दुर्दशा होती. बाबा साहब के चार बच्चे हमारे उत्थान के लिए कुर्बान हो गये है। जिला प्रभारी मा.नरेन्द्र कंचोले ने कहा माता रमाई नही होती तो बाबा साहब संविधान शिल्पी नही बन पाते। हमारे उत्थान के लिए चार बच्चे उपचार के अभाव मे अकाल मौत के शिकार हो गये। बाबा साहब व माता. रमाई ने आत्म संतोष करके समाज को ही अपने बच्चे व परिवार समझा व हमारे लिए संघर्ष जारी रखा तथा हमे नारकीय जीवन से मुक्त कर सम्मानित जीवन केवल मसीहा अम्बेडकर और महापुरुषों ने ही दिया है बाबा साहब के बच्चों की मृत्यु के बाद कफन तक नसीब नही हुआ है. ऐसे ही परम त्यागी महात्मा ज्योतिबा फूले व पू.माता सावित्रीबाई फूले पतिपत्नी होकर भी दाम्पत्य का निर्वाहन नही किया इसलिए समाज को ही अपने बच्चे माना और हमारा उत्थान किया है। श्री कंचोले ने सभी महापुरुषों के छायाचित्र बताकर जीवन कि वर्णन किया। और कहा कि हमारे पू.बिरसा जी व टंट्या मामा स्वतंत्रता सैनानी थे और देश के लिए शहीद होगये। गरीबों के बेहद मददगार थे। समापश पर बसपा की ओर से समस्त भीमवादियो को बाबा साहब के छायाचित्र व प्रशंसा पत्र भेट किये व चाकलेट टाफी वितरण की तथा बलाई समाज समिति पारिवारिक परामर्श केंद्र के सामाजिक आर्थिक बचत के रीति-रिवाजों के नियमावली प्रचार प्रसार के परचे भी वितरण किये। जिससे समाज को प्रेरणा मिलेगी। समापन पर अनेक गणमान्यजनो ने पार्टी की सदस्यता की शपथ ली। एवं बहन.कु. मायावती जी के जन्मोत्सव पर आर्थिक सहयोग का आश्वासन दिया। पश्चात जयभीम समिति मे पांच समाज सेवको को मनोनीत किया।